राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र
पाठ 1 : भारतीय अर्थव्यवस्था का विहंगावलोकन
कार्यपत्रक - 1

1. प्रति व्यक्ति आय एक अर्थव्यवस्था की स्थिति के संकेतकों में से एक है। क्या आप प्रति व्यक्ति आय को परिभाषित कर सकते हैं? क्या आप जानते हैं कि वर्ष 2017-2018 के लिए भारत और चीन की प्रतिव्यक्ति आय क्या है?
2. क्या आपने कभी सोचा है कि भारत की कुल जनसंख्या क्या है? क्या आप को लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उच्च जनसंख्या वृद्धिदर खराब है? यदि हाँ, तो क्यों और यदि नहीं तो कैसे? क्या जनसंख्या भारत में विकास की प्रेरक शक्ति बन सकती है?
3. यह अक्सर कहा जाता है कि 'भारत गांवों का देश है', और अधिकांश आबादी अभी भी कृषि और अन्य संबंधित गतिविधियों पर निर्भर करती है। क्या आप हमारे देश में कृषि की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी कर सकते हैं?
4. क्या आपको लगता है कि कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहा है? यदि आप का उत्तर हाँ है तो भारतीय कृषि के सकारात्मक पहलुओं का वर्णन करें और यदि आपका उत्तर नकारात्मक है तो उसके कारणों को स्पष्ट करें।
5. गरीबी एक अभिशाप है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गरीब कौन है? क्या आप जानते हैं कि किस देश में सबसे ज्यादा गरीब हैं? आपके अनुसार, क्या कारण हैं कि गरीब और गरीब हो रहे हैं जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं? इस खाई को कैसे पाटा जा सकता है?
6. क्या आप को लगता है कि सार्वजनिक क्षेत्र में अच्छा नहीं कर रही कंपनियों या क्षेत्रों का निजीकरण किया जाना चाहिए? 5 ऐसी कंपनियों या क्षेत्रों की सूची बनाएं, जो स्वतंत्रता के बाद से निजी क्षेत्र के लिए खुले हैं। यह भी बताएं कि हमारे जैसे देश में निजीकरण की आवश्यकता क्यों है?
7. क्या आप जानते हैं कि भारत ने 1991 में अपनी नई आर्थिक नीति को अपनाया था? क्या 1991 की आर्थिक नीति को संदर्भित करने का कोई अन्य तरीका है? क्या कारण हो सकते हैं कि भारत को 1991 की नई आर्थिक नीति की आवश्यकता थी?
8. हमारे देश में स्वतंत्रता के बाद से व्यावसायिक ढांचा बदल गया है। आपको उन प्रमुख व्यवसायों की पहचान करनी है, जिनमें आजादी से पहले भारतीय आबादी संलिप्त थी और आज जिन व्यवसायों में संलिप्त है। क्या आपको लगता है कि भारतीय आबादी की व्यावसायिक रूपरेखा में कोई बदलाव हुआ है?
9. आजादी के बाद से भारत में कई बदलाव हुए हैं। स्वतंत्रता पूर्व भारत और वर्तमान भारत को ध्यान में रखते हुए आपको निम्नलिखित गतिविधियाँ करने की आवश्यकता है।

   पूर्व स्वतंत्रता काल के अपने शहर / गाँव / कस्बे के आस-पास के कुछ प्रसिद्ध स्थानों की तस्वीरें एकत्र करें और वर्तमान में उन्हीं स्थानों के चित्रों से उनकी तुलना करें।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 1 : भारतीय अर्थव्यवस्था का विहंगावलोकन

कार्यपत्रक - 1

10. क्या आप इन स्थानों में कोई परिवर्तन देखते हैं, इनमें से कुछ परिवर्तनों को सूचीबद्ध कीजिये । आप की राय में ये परिवर्तन सकारात्मक हैं या नकारात्मक?